## कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, 6वॉ तल उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3 / पी0जी0–2022 / 2778

लखनऊःदिनांक 29 नवम्बर, 2022

**यू0पी0 नीट पी0जी0–2022 के अन्तर्गत विस्तारित माप–अप राउन्ड (आफलाइन) हेतु समय–सारिणी तथा आवश्यक दिशा–निर्देश**

राजकीय / निजी क्षेत्र के मेडिकल / डेण्टल कालेजों / संस्थानों / विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (एम0डी0 / एम0एस0 / डिप्लोमा / डी0एन0बी0 / एम0डी0एस) में प्रवेश हेतु विस्तारित माप–अप राउन्ड की समय सारिणी निम्नवत् हैः–

| | |
|---|---|
| अर्ह अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट जारी किये जाने की सम्भावित तिथि | दिनांक 30 नवम्बर, 2022 |
| राजकीय मेडिकल कालेज (डी0एन0बी0 / एम0डी0एस) की सीटों पर आवंटन की तिथि | दिनांक 01 दिसंबर, 2022 को अपरान्ह 02.00 बजे |
| राजकीय मेडिकल कालेज (एम0डी0 / एम0एस0 / डिप्लोमा) की सीटों पर आवंटन की तिथि | दिनांक 01 दिसंबर, 2022 को अपरान्ह 04.00 बजे |
| निजी क्षेत्र के मेडिकल / डेंटल कालेजों की सीटों पर आवंटन की तिथि | दिनांक 02 दिसंबर, 2022 (पूर्वान्ह 11.00 बजे से) |
| प्रवेश लेने की तिथि | आवंटन की तिथि को ही On Spot प्रवेश प्रकिया सम्पन्न होगी। |

- मॉप–अप राउन्ड का आयोजन **के0जी0एम0यू0 लखनऊ के कलाम सेंटर** में किया जायेगा। अभ्यर्थी 01.12.2022 को अपराह्न 01:00 बजे एवं दिनांक 02.12.2022 को पूर्वान्ह् 10:00 बजे रिपोर्ट करेगे। अभ्यर्थियो की व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य है।
- विस्तारित मॉप–अप राउण्ड हेतु कोई भी पृथक पंजीकरण नहीं किया जायेगा। मॉप–अप राउन्ड सें पंजीकृत अभ्यर्थी ही विस्तारित माप–अप राउण्ड अर्ह होंगे।
- **विस्तारित मॉप–अप राउन्ड हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होगे, जिन्हे यू0पी0 नीट पी0जी0 2022 की प्रथम, द्वितीय एवं माप–अप राउण्ड से कोई भी सीट आवंटित न हुई हो।**
- **यू0पी0 नीट पी0जी0 2022 की प्रथम, द्वितीय एवं माप–अप राउण्ड से आवंटन प्राप्त प्रवेशित / अप्रवेशित / त्याग पत्र देने वाले अभ्यर्थी विस्तारित मॉप–अप राउन्ड हेतु अर्ह नही है।**
- **ऐसे अभ्यर्थी जो भारतवर्ष के किसी मेडिकल कालेज / संस्थान / विश्वविद्यालय में नीट पी0जी0–2022 के माध्यम से प्रवेशित है वह विस्तारित मॉप अप राउण्ड हेतु अर्ह नहीं होगे।**
- आवंटन के पश्चात् प्रवेश प्रकिया On Spot पूर्ण की जायेगी।
- **निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज / संस्थान / विश्वविद्यालय में आंवटित अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय ही सम्बन्धित कालेज का शिक्षण शुल्क का बैंक ड्राफ्ट क्लीनिकल सीट हेतु रू0 20.00 लाख का पैथोलॉजी सीट हेतु रू0 5.00 लाख का एवं निजी क्षेत्र के डेंटल कालेजो में प्रवेश के समय ही रू0 2.00 लाख का सी0टी0एस0 बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow के पक्ष में देय हो, को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**
- **निजी क्षेत्र के मेडिकल / डेन्टल कालेजो के शिक्षण शुल्क के अन्तर की धनराशि On Spot जमा किया जाना अनिवार्य है।**
- दिव्यांगता प्रमाण पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित केन्द्रों से जारी प्रारूप पर ही मान्य होगें।
- ***मॉप–अप राउण्ड से डी0एन0बी0 पाठ्यकम में आवंटन प्राप्त अभ्यर्थियों को विस्तारित मॉप–अप राउण्ड से एम0डी0 / एम0एस0 / डिप्लोमा की आवंटन प्रकिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।***
- ***विस्तारित मॉप–अप राउन्ड की प्रवेश प्रकिया के समय अभ्यर्थी को समस्त शैक्षणिक, आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रपत्र मूलरूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में आवंटन / प्रवेश पर विचार नही किया जायेगा।***
- विस्तारित मॉप–अप राउन्ड की कार्यवाही सीटें उपलब्ध होने तक ही की जायेगी।
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट https://upneet.gov.in & www.dgmeup.gov.in पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक

संख्या–एम0ई0–3 / पी0जी0–2022 / तद्दिनांक